तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 31 जुलाई 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

3 गुजराती महिला मंडल ने मनाया सावन उत्सव



## खबर संक्षेप

### हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

**कोरबा।** हत्या के मामले में आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक कटघोरा दिलीप झा ने जानकारी देते हुए बताया कि कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत मृतक ओमप्रकाश राजवाडे पिता नेतराम राजवाडे उम्र 45 वर्ष को आरोपी कौशल यादव उर्फ मुण्डा बांस के द्वारा डंडा से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पंजीबद्ध किया था और मामले को न्यायालय में पेश किया गया था। उक्त प्रकरण में विचारण के दौरान तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा पीठासीन अधिकारी एचके रात्रे के द्वारा साक्षियों के साक्ष्य के दौरान आये तथ्यों के आधार पर आरोपी के विरूद्ध धारा 302 भा.द.वि. के तहत अपराध सिद्ध पाये जाने पर आरोपी को आजीवन सश्रम कारावास एवं 500 रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक दिलीप झा ने किया एवं अभियोजन अपने विश्वसनीय और संपुष्किारक साक्ष्य से प्रकरण को संदेह से परे प्रमाणित करने में सफलता प्राप्त की और अपराधी को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### बालको कर्मचारी संघ का मिलन कार्यक्रम संपन्न

**कोरबा।** बालको कर्मचारी संघ सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ के द्वारा संघ कार्यालय में संघ के अध्यक्ष देवेंद्र द्विवेदी की अध्यक्षता में मिलन कार्यक्रम एवं परिचय बैठक आयोजित की गयी। बीकेएस के महामंत्री शरद नायर के द्वारा नई कार्यकारिणी क़ो बधाई देते हुए मजदूर हित में काम करने व संगठन क़ो मजबूती के सन्दर्भ में सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में बीकेएस के उपाध्यक्ष दिनेश सिंह ने एकजुट रहकर कार्य करने हेतु दत्तोपंत ठेंगढ़ी क़ो स्मरण किया। सचिव आशीष कुम्भकार ने सभी पदाधिकारी क़ो उनके दायित्व से पुनः परिचय करवाया जिसमें उपाध्यक्ष लेखराज सिंह मरावी, उपाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष अमित पटेल, कोषाध्यक्ष वासुपल्ली नरेश, सचिव संजय साहनी, सचिव जितेन्द्र साहू, सचिव योगेश यादव, सहसचिव राहुल जायसवाल, सहसचिव विकास गुप्ता, सहसचिव गोपाल कृष्ण शामिल रहें।

### कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु 5 तक कर सकते हैं आवेदन

**कोरबा।** जिले में संचालित श्रेष्ठ निजी आवासीय विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाकर गुणवत्तायुक्त निःशुल्क शिक्षा के माध्यम से विकास के समान अवसर प्रदान करने हेतु अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना संचालित है। कार्यालय सहायक श्रमायुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु निर्माण श्रमिकों के बच्चों को कक्षा 6वीं में निजी आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन 5 अगस्त तक मंगाये गये हैं। इस हेतु जिला कार्यालय एवं जिले के जनपद कार्यालयों में संचालित श्रम संसाधन केन्द्र तथा विभाग द्वारा आयोजित शिविर के माध्यम से निर्माण श्रमिक आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### भारतीय मजदूर संघ ने महाप्रबंधक को लिखा पत्र

**कोरबा।** भारतीय मजदूर संघ ने गेवरा महाप्रबंधक को चार सूत्रीय मांगों को लेकर पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने आवासीय परिसर में रहने वाले सभी कर्मचारियों को पूर्व की भाती गैस सिलेंडर की सुविधा, गेवरा परियोजना में कार्यरत कर्मचारियों का चयन कैटिगरी 2 के पद पर हुआ है उनको उनके पद पर पदस्थ किया जाए, वेल्डर कैटिगरी दो के पद पर चयनित कर्मचारियों को तत्काल नियुक्ति दी जाए, गेवरा क्षेत्र में कंपनी के लगभग 35सौ से अधिक आवास उपलब्ध हैं और कर्मचारियों की संख्या लगभग 22सौ हैं लेकिन कार्मिक एवं सुरक्षा विभाग के मिली भगत से आवास आवंटन में धांधली की जा रही है।

### कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम बनवार में कुएं के मलबे में दब गए थे तीन लोग

# 27 घंटे के रेस्क्यू के बाद पति-पत्नी व पुत्र का मिला शव, गमगीन माहौल में किया गया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वनांचल क्षेत्र के एक गांव में दो दिनों पूर्व कुएं के धंस जाने से पति-पत्नी और पुत्र मलबे में दब गए थे, जिन्हें निकालने के लिए प्रशासन और पुलिस की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन चल रही थी। आखिरकार लगभग 27 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कुएं के तीनों के शव को बाहर निकाल लिया गया, जहां चिकित्सकों की टीम ने मौके पर ही पोस्टमार्टम की कार्यवाही की और तीनों सदस्यों का घर के समीप लगभग 100 मीटर दूर में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। एक ही परिवार के तीन लोगों की एक साथ मौत हो जाने से गांव में मातम पसरा हुआ है।

**खास बात**

- पूरी रात मलबे से निकालने चला था रेस्क्यू ऑपरेशन

मामला कटघोरा थाना क्षेत्र के जटगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बनवार ग्राम पंचायत के ग्राम खोडरी की है। यहां निवासरत छेदूराम श्रीवास 65 वर्ष का परिवार निवास करता था। सोमवार की रात छेदूराम श्रीवास उसकी पत्नी कंचनबाई श्रीवास उम्र 53 वर्ष व उसका छोटा पुत्र गोविंद श्रीवास 30 वर्ष घर के पीछे स्थित नवनिर्मित कुआं धंस गया था, जिसकी जद में आने से कुएं के मलबे में परिवार के तीनों सदस्य मलबे में दब गए थे, जिसके बाद मंगलवार की सुबह 11 बजे से मलबे को निकालने का काम जेसीबी मशीन के माध्यम से किया जा रहा था। 24 घंटे के प्रयास के बाद भी जेसीबी मशीन से मलबे को बाहर नहीं फेंका जा सका। जिसके बाद एसडीआरएफ टीम की दिशा निर्देश पर बुधवार की सुबह बांगों थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरसिया से चेन माउंटेन मशीन मंगाई गई और फिर से चेन माउंटेन मशीन और तीन जेसीबी मशीन के माध्यम से मलबे को बाहर निकालने का काम तेजी से शुरू किया गया है, जिसके बाद दोपहर लगभग 1 बजे कुएं के मलबे में छेदूराम श्रीवास उसकी पत्नी कंचन बाई, पुत्र गोविंद श्रीवास का शव कुएं के मलबे से बाहर निकाल लिया गया, जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया और परिजनों ने ग्रामीणों की उपस्थिति में अपने घर के समीप स्थित घटना स्थल से महज 100 मीटर दूर तीनों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया।



चैन माउंटेन मशीन से रेस्क्यू करते हुए।



मृतक छेदूराम



मृतका कंचनबाई



मृतक गोविंद

#### रैंप की चौड़ाई 20 से की गई 40 फीट

उल्लेखनीय है कि एक ही परिवार के तीन लोग कुएं के मबले में दब जाने की घटना सामने आने के बाद मंगलवार की सुबह 11 बजे कुएं के मलबे को हटाने के लिए तीन जेसीबी लगी हुई थी, 24 घंटा काम चलने के बाद भी सफलता नहीं मिली, पहले कुएं की चौड़ाई लगभग 20 फीट खुदाई की जारही थी, लेकिन उसके बाद मिट्टी का उत्खनन नहीं होने की वजह से लगातार मिट्टी धंस रही थी। जिसकी वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन प्रभावित हो रहा था। रेस्क्यू करने वाली टीम को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बुधवार की सुबह गुरसिया बांगो से चैन माउंटेन मशीन मंगाई गई, जिसके बाद पुनः रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करने के लिए रैंप की चौड़ाई 20 फीट और बढ़ाई गई, जिसके बाद दोपहर 1 बजे तीनों का शव कुएं के मलबे से बरामद कर लिया गया।

#### खेत को गिरवी रखकर बनवाया था कुआं

पुलिस के आधिकारिक सूत्र बताते हैं कि जिस कुएं के मलबे में दब जाने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हुई है वे कुछ माह पहले ही कुएं को बनवाया था। जिसे मनरेगा के तहत तैयार किया गया था, लेकिन पुलिस के सूत्र बताते हैं कि मृतक ने कुएं को तैयार करने के लिए और घेरा करने के लिए उसे मनरेगा से पैसा भी नहीं मिला था और उसने कुएं को तैयार करने के लिए अपने खेत को गिरवी रखकर कुएं को तैयार कराया था, हालांकि जिला प्रशासन की जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा कि यह पूरा प्रकरण क्या है और मृतक ने कैसे और किन परिस्थितियों में कुंए का निर्माण कराया था।

### सो रही महिला के ऊपर गिरा सर्प, डंसने से महिला की मौत

**कोरबा।** घर के भीतर सो रही एक 45 वर्षीय महिला के ऊपर सर्प गिर गया और महिला के हाथ में डंस लिया। जब परिजनों को पता चला तो वे आनन फानन में उसे उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदीबाजार दाखिल कराया जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए मेडिकल हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया, जहां देर रात इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंडीकछार निवासी इंजोरबाई पति स्व.मानसिंह 45 वर्ष मंगलवार की रात वह घर में खाट पर सोई हुई थी कि इसी दौरान देर रात को एक जहरीला सर्प महिला के ऊपर अचानक गिरा। महिला ने उसे झटके से फेंकने का प्रयास किया, तब तक सर्प ने महिला के हाथ में डंस लिया। परिजनों को जब इस बात की जानकारी हुई तो आनन फानन में उसे उपचार के लिए हरदीबाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया, जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया और इलाज के दौरान देर रात लगभग 11 बजे महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र से नौकरी हासिल करने वालों की बढ़ी मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्रों के आधार पर सरकारी नौकरी हासिल करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए हाईकोर्ट ने आदेश जारी कर कोर्ट ने सभी संदिग्ध कर्मचारियों को 20 अगस्त तक राज्य मेडिकल बोर्ड से अनिवार्य भौतिक परीक्षण (फिजिकल वेरिफिकेशन) कराने का निर्देश दिया है। इस फैसले से उन लोगों पर नकेल कसने की उम्मीद जगी है। जिन्होंने कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों के जरिए दिव्यांग कोटे का दुरुपयोग कर सरकारी नौकरियां हासिल की है।

**खास बात**

- हाईकोर्ट ने 20 अगस्त तक सभी संदिग्ध कर्मियों को फिजिकल वेरिफिकेशन कराने दिया निर्देश

उल्लेखनीय है कि जिले में भी शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों में फर्जी दस्तावेजों के जरिए दिव्यांग कोटे का दुरुपयोग कर नौकरी हासिल करने का मामला सामने आया था। पूर्व में कुछ कर्मचारियों पर कार्यवाही भी की गई थी। अब हाईकोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि जिन कर्मचारियों पर फर्जी प्रमाणपत्रों का उपयोग करने का संदेह है, उन्हें निर्धारित समयसीमा तक राज्य मेडिकल बोर्ड के समक्ष अपनी मेडिकल जांच करानी होगी। यदि कोई कर्मचारी इस जांच से बचता है या समय पर उपस्थित नहीं होता, तो उसे कोर्ट में इसका कारण बताना होगा। कोर्ट ने चेतावनी दी है कि समयसीमा का पालन न करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी, जिसमें उनकी सेवाओं को समाप्त करना भी शामिल हो सकता है। उल्लेखनीय है कि फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्रों के जरिए नौकरी हासिल करने का मामला जिले सहित राज्य में लंबे समय से चर्चा में रहा है। कई मामलों में यह सामने आया है कि कुछ व्यक्तियों ने गलत तरीके से प्राप्त प्रमाणपत्रों का उपयोग कर सरकारी नौकरियों में प्रवेश किया। इससे न केवल दिव्यांग आरक्षण नीति का दुरुपयोग हुआ, बल्कि योग्य और वास्तविक दिव्यांग उम्मीदवारों का हक भी छिना। न्यायालय का यह आदेश इस समस्या से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। न्यायालय के इस फैसले से न केवल फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर नौकरी करने वालों पर शिकंजा कसेगा, बल्कि यह सरकारी विभागों में पारदर्शिता और जवाबदेही को भी बढ़ावा देगा। मेडिकल बोर्ड की जांच से यह स्पष्ट हो सकेगा कि कितने कर्मचारी वास्तव में दिव्यांग श्रेणी के लिए पात्र हैं।

#### संदिग्ध कर्मचारियों की सूची करें तैयार

इस मामले में विभागीय अधिकारियों की भूमिका को भी गंभीरता से लिया गया है। न्यायालय ने सभी विभागों के प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने विभागों में कार्यरत संदिग्ध कर्मचारियों की सूची तैयार करें और यह सुनिश्चित करें कि सभी कर्मचारी समय पर मेडिकल जांच कराएं। इसके अलावा, अधिकारियों को 20 अगस्त को न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर इसकी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है। न्यायालय ने साफ तौर पर कहा है कि यदि कोई कर्मचारी जांच से बचता है, तो संबंधित विभागीय अधिकारी की जवाबदेही भी तय की जाएगी।

#### छत्तीसगढ़ दिव्यांग संघ की लंबी लड़ाई

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ दिव्यांग संघ द्वारा पिछले तीन वर्षों से लगातार यह मुद्दा उठाया जा रहा था। संघ का दावा है कि कई गैर-दिव्यांग व्यक्तियों ने फर्जी प्रमाणपत्रों के जरिए सरकारी नौकरियों में दिव्यांग कोटे का लाभ उठाया, जिससे वास्तविक दिव्यांग उम्मीदवारों के साथ अन्याय हुआ। संघ के इस अभियान को हाईकोर्ट के ताजा फैसले से मजबूती मिली है।

## जेंजरा बायपास जर्जर, गड्ढों में फंसे दो ट्रक, यातायात व्यवस्था रही बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा क्षेत्र में जेंजरा से रामपुर स्थित बायपास की हालत बद से बदत्तर हो गई है। लोक निर्माण विभाग की अनदेखी और लापरवाही का नतीजा यह हुआ कि सोमवार की रात दो ट्रक गहरे गड्ढों में धंस गए। इस वजह से घंटों तक यातायात प्रभावित रहा और राहगीरों के साथ वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

**खास बातें**

- घंटों मशक्कत के बाद यातायात व्यवस्था को किया गया बहाल
- लोक निर्माण विभाग के लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे लोग

कटघोरा नगर से बिलासपुर की दिशा में भारी वाहनों के दबाव को कम करने और ट्रैफिक डायवर्ट करने के उद्देश्य से यह बायपास बनाया गया था। लेकिन बारिश शुरू होने से पहले ही इस मार्ग पर गहरे गड्ढे बन गए थे। भारी बरसात के चलते गड्ढों की चौड़ाई और गहराई और भी बढ़ गई, जिससे दुर्घटना और जाम की स्थिति निर्मित हो गई। स्थानीय नागरिकों ने कई बार लोक निर्माण विभाग के उप संभाग 2 को लिखित और मौखिक रूप से सड़क की मरम्मत की मांग की, लेकिन विभाग के एसडीओ ने समस्या को गंभीरता से नहीं लिया और सुधार कार्य नहीं कराया। नतीजतन मंगलवार की रात अलग-अलग दिशाओं से आ रही दो ट्रक गड्ढों में धंस गई और पूरी रात बायपास पर यातायात व्यवस्था बाधित रहा। वाहनों को बाहर निकालने के लिए वाहन चालकों ने कड़ी मशक्कत की। हालांकि कई घंटे की कोशिशों के बाद भी स्थिति सामान्य होने में देर लगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते लोक निर्माण विभाग ने गंभीरता से इस सड़क की मरम्मत की होती तो आज यह स्थिति निर्मित नहीं होती।





जर्जर सड़क में फंसे वाहन।

## कोरबा व धरमजयगढ़ में बाघ को लेकर अलर्ट जंगल में निगरानी के लिए लगाया गया ट्रेप कैमरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा के जंगल में एक बार फिर से बाघ ने दस्तक दी है। बाघ की दस्तक और उसकी दहाड़ से जंगल व उसके आसपास रहने वाले ग्रामीणों में दहशत है। हालांकि बाघ कोरबा के जंगल से धरमजयगढ़ वनमंडल पहुंच चुका है, लेकिन फिर से बाघ कभी भी कुदमुरा के जंगल में वापस आ सकता है, इसके लिए वन विभाग ने अलर्ट जारी किया है और बाघ की निगरानी के लिए जंगल में ट्रैप कैमरा लगाया गया है।

**खास बात**

- धरमजयगढ़ वन मंडल में डाला है डेरा, कुदमुरा वन परिक्षेत्र में अलट जारी

उल्लेखनीय है कि कोरबा जिले का जंगल पड़ोसी जिले बिलासपुर के अचानकमार टाइगर रिजर्व से जुड़ा हुआ है। गाहे बगाहे अचानकमार टाईगर रिजर्व से भटक कर बाघ कटघोरा वन मंडल में अपनी दस्तक देते रह है। एक बार फिर से कटघोरा वनमंडल के बाद पहली बार कोरबा वनमंडल के बुंदेली में दस्तक दी है। बताया जाता है कि 2 दिन पहले ही बाघ ने यहां दस्तक दी थी। जिसके बाद जैसे ही वन विभाग के अधिकारियों को इसकी भनक लगी तो एसडीओ आशीष खेलवार, एसडीओ एसके सोनी सहित वन विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया था। बताया ताजा है कि यह बाघ कोरबा वनमंडल के कुदमुरा के जंगल से होते हुए पड़ोसी जिले रायगढ़ के धरमजयगढ़ वन मंडल में अपनी दस्तक दे दी है, लेकिन फिर भी संभावना जताई जा रही है कि बाघ फिर से कुदमुंरा की ओर वापस लौट सकता है। संभावना को देखते हुए वन विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। कोरबा एसडीओ एसके सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि बुंदेली में बाघ ने दस्तक दी थी, जिसके पदचिन्ह सहित अन्य निशानों को चिन्हांकित कर उसे संग्रहित किया गया है। प्रथम दृष्टया बाघ होने की पुष्टि हुई है। बाघ के आने के बाद कोरबा वनमंडल के और धरमजयगढ़ वन मंडल में विभिन्न स्थानों पर ट्रैप कैमरा लगाया गया है।



बाघ का पदचिन्ह।

### खनिज प्रबंधन में डिजिटल क्रांति की शुरुआत

**कोरबा।** खनिज प्रबंधन अब और अधिक पारदर्शी, सरल और सुगम बनने जा रहा है। खनिज संसाधन विभाग द्वारा विकसित खनिज ऑनलाइन (केओ) (2.0) पोर्टल को जिले में लागू कर दिया गया है। यह पहल न केवल प्रशासनिक प्रक्रिया को डिजिटल बनाएगी, बल्कि खनन उद्योग से जुड़े व्यवसायियों और आम जनता को भी कई सुविधाएं एक क्लिक पर उपलब्ध कराएगी। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में खनिज शाखा द्वारा इस नई व्यवस्था का प्रशिक्षण 29 जुलाई को कार्यालय कलेक्टर परिसर में संपन्न हुआ। इसमें सभी संबंधित खनिज पट्टाधारकों एवं अनुज्ञाधारकों ने भाग लिया। खनिज ऑनलाइन एक (केओ) (2.0) उन्नत डिजिटल पोर्टल है, जिसके माध्यम से अब खनन से संबंधित अनुमति प्रक्रिया, आवेदन, स्वीकृति, ई-नीलामी, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, रॉयल्टी भुगतान, और प्रगति की निगरानी पूरी तरह ऑनलाइन और पेपरलेस हो सकेगी। इसका उद्देश्य खनिज प्रशासन को पारदर्शी बनाना, भ्रष्टाचार को रोकना है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### खेत में काम करने गए महिला पुरूष को सांप ने डंसा

**बिलासपुर।** खेत में काम करने के दौरान एक महिला व पुरूष को सांप ने डंस लिया है। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सिम्स से मिली जानकारी के अनुसार, मस्तूरी मल्हार क्षेत्र के ग्राम मटिया निवासी भगवती पति अंजोरदास पुरैना व बच्चू सोनी 50 साल बुधवार की सुबह 9 बजे अपने अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान जहरीले सांप ने दोनों को डंस लिया है। परिजन के द्वारा दोनों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### नाबालिग को भगाने वाले पर ईनाम की घोषणा

**बिलासपुर।** एसएसपी ने नाबालिग को भगाने वाले युवक की सूचना पर 3 हजार रुपए ईनाम की घोषणा की है। सिरगिट्टी थाना के क्षेत्र के एक नाबालिग को अज्ञात युवक के द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है। परिजन की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ अपराध क्रमांक 252/ 25 धारा 137, 2 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। नाबालिग व अज्ञात युवक को खोजने का अथक प्रयास किया गया है, किन्तु उनका पता नहीं चल पाया है। 30 जुलाई को एसएसपी रजनेश सिंह ने अपहत नाबालिग व अज्ञात युवक की सूचना पर 3000 रुपए ईनाम देने की घोषणा की है। सूचना देने वाले का नाम पता गोपनीय रखा जाएगा। फोन नम्बर 07752, 223330, 07752, 222191, मोबाइल नम्बर 94791, 93002, फोन नम्बर 07752, 228504, मोबाइल नम्बर, 94791, 93099 में सूचना दे सकते हैं।

### गांजा बेचने जा रहे युवक महिला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने बाइक से गांजा लेकर बेचने जा रहे युवक व एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। मोपका पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी भावेश सेंडे को सूचना मिली, एक युवक व महिला से बाइक में गांजा रखकर बेचने के लिए जा रहे हैं। वे प्रधान आरक्षक दीपक खाण्डेकर, मुरली भागर्व, रामकुमारी के साथ लगरा रोड में घेराबंदी कर बाइक क्रमांक सीजी 10 बीजी, 5339 में सवार मोपका भाठापारा निवासी संजय सिंह महानंद पिता राम सिंह महानंद 30 साल बिना कुर्रे पति दिलीप कुर्रे 40 साल को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर 1 किलो 494 ग्राम गांजा मिला। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा बाइक जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### दुकान संचालक पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब के लिए पैसा देने से मना करने पर नशेड़ी युवक ने किराना दुकान संचालक से मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, जबड़ापारा निवासी पवन उर्फ राजा मरकाम पिता रामरतन मरकाम मोहल्ले में किराना दुकान चलाते हैं। 29 जुलाई को रात 9.30 बजे वे दुकान बंद करने के बाद अपने घर के पास खड़े थे। इसी दौरान नशे में छोटू केंवट उनके पास आया और शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। उन्होंने पैसा देने से मना किया तो नशेड़ी युवक उनके साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। उन्होंने विरोध किया तो नशेड़ी चाकू निकालकर उन पर हमला कर फरार हो गया। चाकूबाजी की वारदात से मोहल्ले में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ लग गई। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। उनके सीने, हाथ की कलाई, कुल्हे में चोट आई है। पुलिस ने श्री मरकाम की रिपोर्ट पर हमलावर छोटू केंवट को गिरफ्तार लिया है।




## इंदिरा सेतु पर मिक्सर बिगड़ी, जाम से परेशान होते रहे लोग

**बिलासपुर।** इंदिरा सेतु पुल पर बुधवार को एक मिक्सर मशीन खराब हो गई। जिस कारण नेहरू चौक से लेकर महामाया चौक तक वाहनों की लंबी लाइन लग गई। जाम से लोग हलाकान होते रहे। ट्रैफिक जाम होने की खबर मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद दो क्रेन मंगाकर मिक्सर मशीन को हटवाया गया और वाहनों की आवाजाही शुरू कराई, तब जाकर लोगों को राहत मिली।

- ट्रैफिक पुलिस ने क्रेन मंगाकर हटवाया मिक्सर मशीन

घटना बुधवार दोपहर करीब 12.30 बजे की है। नेहरु चौक से महामाया चौक तरफ ड्राइवर मिक्सर मशीन को लेकर जा रहा था। मिक्सर मशीन खराब हो गई। जिस पर ड्राइवर गाड़ी को वहीं छोड़ दिया। जिसके बाद व्यस्ततम मार्ग पर वाहनों की कतार लग गई। देखते ही देखते नेहरु चौक से महामाया चौक और सीपत चौक तक वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। इस दौरान करीब एक घंटे तक लोग जाम में फंसे रहे। घटना की जानकारी मिलते ही ट्रैफिक पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और देखा कि पुल पर खड़ी मिक्सर मशीन के कारण जाम लग रहा है। पुलिसकर्मियों ने पहले रूट डायवर्ट कराया। जिसके बाद जाम में फंसी वाहनों को निकाला गया। ध्यान रहे कि इंदिरा सेतु पुल से लेकर महामाया चौक और नेहरु चौक के पास आए दिन जाम लगता है। जिस कारण लोग परेशान होते हैं। दोपहर में जाम के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई और उन्हें घूमकर दूसरे रास्ते का उपयोग करना पड़ा।

दाधापारा से बिल्हा के बीच रेलवे करेगा चौथी लाइन का विस्तार

# बोदरी की 45 खसरा नंबरों की जमीन की खरीदी-बिक्री पर प्रशासन की रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल्वे द्वारा दाधापारा से बिल्हा के बीच चौथी लाईन का विस्तार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत दाधापारा से बिल्हा के बीच रेल लाइन के 50 मीटर बगल से भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के दौरान भू-माफियाओं की अनाधिकृत एंट्री रोकने रेल्वे ने शासन से चिन्हांकित खसरा नंबरों की जमीन की खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित करने की मांग की है। इसके अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर द्वारा बोदरी की 38 एवं बिल्हा तहसील की 7 खसरा नंबर की जमीनों की खरीदी-बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है।

- लाइन के 50 मीटर बगल से होगा जमीनों का अधिग्रहण

दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे द्वारा दाधापारा से बिल्हा के बीच 9.20 किलोमीटर चौथी रेल लाइन का विस्तार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत भूमि अर्जन प्रक्रिया के अधीन भूमि के बेहतर प्रशासन के लिए भूमि के अंतरण, बटांकन, व्यपवर्तन तथा भूमि के क्रय-विक्रय को पूर्णतः प्रतिबंधित किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। अर्जन के अधीन भूमि का बटांकन, छोटे टुकड़ों में अंतरण एवं प्रयोजन में परिवर्तन के कारण भूमि अर्जन की लागत में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इस प्रक्रिया में मूल भूमिस्वामी को समुचित लाभ होने के बजाए भूमि की खरीद-बिक्री में संलिप्त बिचौलियों और भू-माफियाओं द्वारा लाभ अर्जित किया गया है।

### तिफरा के चार खसरा नंबरों की जमीन खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित

रेल्वे द्वारा ट्रैक्शन अपग्रेडेशन के कारण तिफरा रेल लाइन के आसपास स्थित सिरगिट्टी तहसील की चार खसरा नंबरों की जमीनों की खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित की गई है। दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे द्वारा ट्रैक्शन अपग्रेडेशन का कार्य प्रस्तावित होने के कारण भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। अधिग्रहण के दौरान भू-माफियाओं एवं बिचौलियों का हस्तक्षेप रोकने के उद्देश्य से रेल्वे द्वारा क्षेत्र की चार खसरा नंबरों की जमीन की खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित करने की मांग की गई थी। इन खसरा नंबरों में सिरगिट्टी तहसील के अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 40 की रेल्वे लाईन के पास कोरियापारा तिफरा के खसरा नंबर 1494, 1495, 1496 एवं 1497 नंबर की भूमि शामिल है।

### इन नंबरों की खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध

बोदरी के महल नंबर 5 अंतर्गत 460/1, 460/2, 460/3, 461/1, 461/2, 462, 473/1, 473/2, 473/3, 473/4, 474/1, 474/2, 474/3, 474/4, 474/6, 474/5, 475, 476, 477/1, 477/2, 478/1, 478/2 एवं खसरा नंबर 478/3 शामिल है। इसी तरह बोदरी तहसील के ही महल नंबर 6 अंतर्गत खसरा नंबर 478/4, 234, 237/1, 237/2, 237/3, 237/4, 237/5, 237/6, 237/7, 238/1, 238/2, 239, शामिल 240/9, 240/10, 240/2, 240/1, 240/3, 240/4, 240/5, 240/6, 240/7, 240/8, 240/11, 262/1, 262/2, 262/3, 262/4, 262/5 शामिल हैं। इसी तरह महल नंबर 6 में ही अनुसूचित जनजाति श्रेणी की 262/6, 262/8, 262/7, 262/9, 298, 421, 422/1, 422/2, 422/3, 423/1, 423/2, 423/3 एवं खसरा नंबर 423/4 शामिल हैं। इसी तरह बिल्हा तहसील में खसरा नंबर 275, 276/2, 277 शामिल 278, 279/6, 279/8, 279/9, 281/3 खसरा नंबर की भूमि शामिल है।

## 127 किसानों ने नहीं लिया मुआवजा, रजिस्ट्री रुकी

शासन द्वारा विभिन्न परियोजनाओं की पूर्ति के लिए जिन किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है, उनमें से 127 किसानों ने आज तक उक्त भूमि का मुआवजा ही प्राप्त नहीं किया है। मुआवजा प्राप्ति के अभाव में किसानों की भूमि की उक्त परियोजना के नाम पर रिजस्ट्री ही नहीं हो सकी है। इस मामले में कलेक्टर ने संबंधित विभागों को समर्पित भाव से काम करने वाले एक सब इंजीनियर की नियुक्ति कर मुआवजा प्रकरणों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

पीडब्ल्यूडी, सिंचाई एवं नेशनल हाईवे द्वारा संचालित परियोजनाओं के लिए जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित की जानी है उनमें 127 किसानों ने आज दिनांक तक अपना मुआवजा प्राप्त ही नहीं किया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने एसडीओ राजस्व सह भू-अर्जन अधिकारी एवं पीडब्ल्यूडी, जलसंसाधन, राष्ट्रीय राजमार्ग सहित निर्माण विभागों के जिला अधिकारियों को एक महीने के भीतर उक्त प्रकरणों को पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### मुआवजा वितरण पर देरी से नाराजगी

रतनपुर केंवची राष्ट्रीय राजमार्ग के मुआवजा वितरण में विलंब किये जाने पर कलेक्टर ने खासी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मुआवजे का जल्द से जल्द वितरण किया जाना चाहिए। उन्होंने भू-अर्जन मामलों के त्वरित निराकरण के लिए एसडीएम एवं संबंधित कार्यालय प्रमुख अधिकारियों की हर सप्ताह संयुक्त बैठक आयोजित करने को कहा है।

### समर्पित भाव से काम करने वाले इंजीनियर नियुक्त

भू-अर्जन में विलंब होने से संबंधित भू-स्वामी के साथ सरकार को भी नुकसान होता है। परियोजना की लागत मूल्य बढ़ जाने के साथ ही समय पर लोगों को इन योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पाता है। समर्पित भाव से काम करने वाले सब इंजीनियर नियुक्त करते हुए एक महीने के भीतर प्रकरणों का निपटारा करने के निर्देश दिए गए हैं।

**-संजय अग्रवाल,**
कलेक्टर

अवैध प्लाटिंग पर नगर निगम की कार्रवाई जारी

# अवैध प्लाटिंग पर दूसरे दिन भी चला बुलडोज़र



अतिक्रमण तोड़ते नगर निगम का जेसीबी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में चल रहे अवैध प्लाटिंग के खिलाफ़ नगर निगम ने दूसरे दिन बुधवार को फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध प्लाट में बनाए गए सड़क,नाली और बाऊण्ड्रीवाल को तोड़ दिया है। यह कार्रवाई निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर की गई है।

- बहतराई,मोपका और खमतराई में की गई कार्रवाई

नगर निगम सीमा क्षेत्रान्तर्गत अवैध कालोनी निर्माण और प्लाटिंग का कार्य मोपका, बहतराई, खमतराई में किया जा रहा था। जिस पर आज निगम ने अपना बुलडोजर चलाया। मोपका में खसरा नंबर 1/1 शुभम ताम्रकार, खसरा नंबर 5/4 भवानी लाल बरेठ,

खसरा नंबर 33/2 सत्यनारायण जायसवाल,खसरा नंबर 465/1 दिनेश कृपाल सिंह,खसरा नंबर 472/1 शांति प्रकाश तिर्की द्वारा अवैध प्लाटिंग कर जमीन को टुकड़ों में बेची जा रही थी। इसके



अलावा खमतराई में खसरा नंबर 257/1,297/1, बहतराई में खसरा नंबर 347, बहतराई के कमल विहार में खसरा नंबर 644, 645 की भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी,जिस पर कार्रवाई करते हुए निगम ने सड़क,बाउंड्रीवाल और नाली को ध्वस्त कर दिया है। इसके अलावा बहतराई के कमल विहार में नागेंद्र पुरी गोस्वामी,अविनाश पुरी गोस्वामी के निर्माणाधीन अवैध मकान को भी तोड़ा गया है। आज की कार्रवाई में अतिक्रमण,भवन शाखा,जोन क्रमांक 7 एवं पुलिस तथा राजस्व विभाग की टीम शामिल रही।

## 5 ट्रैक्टर ट्राली व अवैध भण्डारण से 700 घनमीटर रेत जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेत का अवैध परिवहन करने के मामले में खनिज विभाग द्वारा दो ट्रैक्टर जब्त किया गया है। इसी तरह नगोई क्षेत्र में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा करीब 7 सौ घन मीटर रेत डंप करके रखा गया था, जिसे जब्त करते हुए खनिज नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है।

- खनिज विभाग की कार्रवाई

रेत माफियाओं के खिलाफ पिछले पंद्रह दिनों से रुकी कार्रवाई खनिज विभाग द्वारा एक बार फिर से प्रारंभ कर दी गई है। इसके अंतर्गत खनिज अमले द्वारा रतनपुर, जोगीपुर, कोटा, बेलगहना, सोनपुरी, नगोई, खोगसरा, आमागोहन क्षेत्र का



रेत का अवैध भंडारण।



जब्त किए गए ट्रैक्टर।

निरीक्षण किया गया था। इसके अंतर्गत जोगीपुर क्षेत्र से रेत का अवैध रूप से खनन कर परिवहन करते पाये गए 02 ट्रेक्टर वाहनों को जब्त कर पुलिस थाना रतनपुर की अभिरक्षा मे रखा गया है।

इसी तरह आमागोहन क्षेत्र से रेत का अवैध रूप से उत्खनन कर परिवहन करते पाये गए 03 ट्रेक्टर वाहनों को जप्त कर पुलिस चौकी बेलगहना की अभिरक्षा मे रखा गया है। उपसंचालक खनिज किशोर कुमार गोलघाटे ने बताया कि नगोई क्षेत्र मे अज्ञात व्यक्ति द्वारा बेचने के इरादे से रेत डंप करके रखा गया था, जिसकी मात्रा लगभग 700 घनमीटर है। उक्त अवैध रूप से भण्डारण करके रखी गई रेत को खनिज नियमों के तहत जप्त कर निरंजन पैंकरा, सदस्य, जिला पंचायत की सुपुर्दगी मे दिया गया है।

### युवकों ने कार सवार छात्र को पीटा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार में बाइक सवार तीन युवक एक कार को क्रास करते हुए अनियंत्रित होकर गिर गए। उसके बाद युवकों ने कार सवार छात्र के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, बीएससी की पढ़ाई करने वाला छात्र सूरज सिंह पिता कृष्णा सिंह 26 जुलाई को शाम 6.30 बजे सेंट जोसेफ स्कूल के पास से अपने गौरव भैया से उनकी कार क्रमांक सीजी 10 एव्ही, 8533 को लेकर सीएमडी चौक होते हुए तिफरा जा रहे थे। शाम 7.10 बजे तक्षशिला एकेडमी के सामने उनकी कार को तेज गति से क्रास करते हुए तीन युवक निकले, आगे जाकर अनियंत्रित होकर गिर गए। उसके बाद तीन युवकों ने गुण्डागर्दी करते हुए कार का दरवाजा खोलकर सूरज सिंह को बाहर निकालकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से जमकर पिटाई कर दी और कार का बैक लाइट क्षतिग्रस्त कर दिया।

## चांपा स्टेशन में नहीं उतर पाया तो कर दी चेन पुलिंग

**बिलासपुर।** ट्रेन के चांपा रेलवे स्टेशन में रोके जाने के बाद भी यात्री उतर नहीं पाया तो उसने चेन पुलिंग कर गाड़ी को ही रोकवा दिया, जिसपर आरपीएफ ने यात्री के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

आरपीएफ के अनुसार जांजगीर निवासी गौरीशंकर चौहान पिता गौहर चौहान 36 साल 12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस के जनरल कोच में राउरकेला से चांपा तक सफर कर रहा था। चांपा रेलवे स्टेशन में ट्रेन के रोके जाने के बाद भी गौरीशंकर कोच से नीचे नहीं उतर पाया। इस दौरान जब ट्रेन रवाना होने लगी तो उसने चेन पुलिंग करते हुए गाड़ी को रोकवा दिया। इसी तरह 18236 बिलासपुर से भोपाल जाने वाली एक्सप्रेस में सफर करने के लिए सीपत निवासी अमन कुमार श्रीवास पिता दिलहरण श्रीवास 31 साल स्टेशन पहुंचा था, जिसके स्टेशन प्लेटफार्म तक पहुंचते ट्रेन रवाना होने लगी। इस दौरान उसके साथी ने चेन पुलिंग कर दी, जिसके कारण प्लेटफार्म सें आगे जाकर ट्रेन रूक गई। दोस्त ने चेन पुलिंग की और आरपीएफ ने सीपत निवासी अमन कुमार के खिलाफ रेलवे एक्ट क तहत कार्रवाई की।

## पोड़ीदल्हा मेले में मारपीट की आशंका पर 5 हजार स्टील के कड़े किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नागपंचमी पर पोड़ीदलहा मेले में अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। इस दौरान मारपीट की आशंका को देखते हुए लोगों से 5 हजार स्टील के कड़े जब्त किए गए।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अकलतरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पोड़ीदलहा पहाड में मंगलवार 29 जुलाई को ऐतिहासिक मेले में बड़ी संख्या में नाग पंचमी के अवसर पर श्रद्धालु दर्शन एवं मेले का आनंद लेने आए थे। थाना अकलतरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पोड़ीदलहा पहाड़ मेला सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए एवं अपराधों की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में स्टील के कड़े पहनने वाला युवकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया। इसके अतिरिक्त, कुछ युवकों द्वारा स्टील के पंच भी पहने गए थे, जिन्हें पुलिस ने तुरंत उतरवाया। सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस की सक्रिय उपस्थिति अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी अकलतरा पुलिस टीम द्वारा लगातार मेले में पेट्रोलिंग की गई और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी गई थी। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपाय लागू किए गए। इस पूरे अभियान की फोटो और वीडियो संकलित किए गए हैं।

## चौथी रेल लाइन विस्तार कार्य, घंटो विलंब से चल रही ज्यादातर ट्रेनें

**जांजगीर-चांपा ।** बिलासपुर रेल मंडल के अंतर्गत कई स्थानो पर इन दिनो चौथी रेल्वे लाइन विस्तार कार्य चल रहा है। जिसके चलते ज्यादातर ट्रेने घंटो विलंब से चल रही है। जिसके चलते रेल यात्रियो को काफी परेशानियो का सामना करना भी पड रहा है। इस तरह की स्थिती जांजगीर नैला रेल्वे स्टेशन में देखने को मिल रही है।

गौरतलब है कि जांजगीर नैला रेल्वे स्टेशन को बिलासपुर रेल मंडल के द्वारा मांडल रेल्वे स्टेशन बनाया गया है। ताकि यहां से रेल्वे के माध्यम से यात्रा करने वाले रेल यात्रियो को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। इधर बिलासपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने कई स्थानो पर इन दिनो चौथी रेल्वे लाइन विस्तार कार्य चल रहा है। जिसके चलते कई ट्रेने घंटो विलंब से चल रही है। जांजगीर नैला रेल्वे स्टेशन के से होकर बिलासपुर टिटलागढ, अमृतसर कोरबा छतीसगढ, विशाखापटनम कोरबा लिंक एक्सप्रेस, त्रषिकेश पूरी उत्कल कलिंगा, टाटा ईतवारी, बिलासपुर रायगढ, कोरबा रायपुर सहित अप डाऊन की दर्जनो गाडियां विलंब से चल रही है।

## सैनिक के सूने मकान में 5 लाख की चोरी, 10 दिन बाद भी जुर्म दर्ज नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सैनिक के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर 4 लाख रुपए के जेवर चोरी कर लिया। आलम यह है कि संदिग्ध का नाम बताने के बाद भी रतनपुर पुलिस ने 10 दिन बीत जाने के बाद भी मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की है। सैनिक छुट्टी लेकर चोरों को पकड़वाने रतनपुर थाने का चक्कर लगा रहा है।

- शिकायत लेकर किया गया चलता

रतनपुर मोहदा पोंड़ी निवासी इंद्रेश कुमार पिता देवचरण निर्मलकर ने बताया कि वे आर्मी में हैं और उनकी जबलपुर में पोस्टिंग है। 21 जुलाई की सुबह 8.30 बजे उनके माता पिता मकान के दरवाजे में ताला लगाकर खेत चले गए थे। दोपहर 12 बजे घर लौटे तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त पड़े थे आलमारी खुली हुई थी। लाकर में रखे उनके पुराने जेवर व बेटे की शादी में मिले जेवर सहित 5 लाख सामान चोरी हो गई थी। उनके पिता चोरी की रिपोर्ट लिखाने गए तो पुलिस ने उनसे लिखित शिकायत लेकर चलता कर दिया। आलम यह है कि 10 दिन बीत जाने के बाद भी मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

### जांच में टीआई गए थे उनके घर

सैनिक इंद्रेश कुमार ने बताया, उनके पिता चोरी की रिपोर्ट लिखाने थाने गए तो टीआई स्वयं स्टाप के साथ उनके घर जांच करने गए थे। घर का मुआयना करने के बाद लौट गए। वे चोरी की सूचना मिलने पर छुट्टी लेकर गांव आए हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने थाने में जाकर एक संदेही का नाम बताया, उसके बाद भी पुलिस ने उक्त संदेही से पूछताछ नहीं की है। वहीं उन्होंने अपने मुख्यालय भेजने के लिए एफआईआर की कापी मांगी तो उन्हें शिकायत की कापी थमा दिया गया है।

### दोबारा थाना नहीं आए

चोरी की सूचना मिलने पर उनके घर का मुआयना करने गया था। पीड़ित पक्ष दोबारा रिपोर्ट लिखाने थाने नहीं आए, जिससे मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हो पाई है।

**-नरेश चौहान**
रतनपुर टीआई

## खबर संक्षेप

### चतुर्थ समयमान वेतनमान लागू करने फेडरेशन ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**कोरबा।** छग विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 01 के महासचिव आरसी चेट्टी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शासकीय कर्मचारियों हेतु चतुर्थ समयमान वेतनमान लागू करने की मांग की है। ज्ञात हो कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अपने चुनावी घोषणा में सत्तारूढ़ होने पर सभी शासकीय कर्मचारियों के लिए चतुर्थ समयमान वेतनमान लागू करने की घोषणा की गई थी, जिसके परिप्रेक्ष्य में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अपने सभी शासकीय कर्मचारियों के लिए चतुर्थ समयमान वेतनमान लागू कर दिया गया है। राज्य शासन के आदेश का पालन करते हुए मध्य प्रदेश विद्युत कंपनी द्वारा भी अपने कर्मचारियों के लिए चतुर्थ वेतनमान लागू किए जाने संबंधी आदेश जारी किया जा चुका है किंतु छत्तीसगढ़ में अभी तक चतुर्थ समयमान वेतनमान लागू नहीं हुआ है। विगत एक वर्ष से फेडरेशन द्वारा छत्तीसगढ़ में भी चतुर्थ समयमान वेतनमान लागू करने हेतु शासन प्रशासन एवं कंपनी प्रबंधन को पत्राचार किया जा रहा है किंतु अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। महासचिव आरसी चेट्टी ने अपने पत्र में चतुर्थ समयमान वेतनमान के विषय में बताया है कि यह योजना उन सभी शासकीय सेवकों के लिए है, जिन्होंने अपनी सीधी भर्ती की तिथि से 35 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर ली है और जिन्हें अब तक केवल तीन पदोन्नति, क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान का ही लाभ प्राप्त हुआ है।

### जवानों के लिए स्काउट्स गाइड्स ने तैयार की तीन हजार राखियां



**कोरबा।** भारत स्काउट्स व गाइड्स द्वारा एक राखी सैनिक भाई के नाम अभियान के तहत तीन हजार हस्त निर्मित राखियां एकत्र कर देश के सैनिकों को भेजा जा रहा है। भारत स्काउट्स वं गाइड्स राज्य मुख्य आयुक्त डॉ.सोमनाथ यादव के निर्देशानुसार जिले के कब, बुलबुल, स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स तथा अन्य छात्रों द्वारा राखियां तैयार की गईं। 29 जुलाई तक तीन हजार राखियां तैयार की गईं। कब, बुलबुल, स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स एवं अन्य छात्रों ने देश की रक्षा में तैनात जवानों के लिए रक्षा सूत्र तैयार करने में बढ़- चढ़कर भागीदारी की। भारत स्काउट्स व गाइड्स की टीम ने कलेक्टर से मुलाकात कर एक राखी सैनिक भाई के नाम अभियान की जानकारी दी। कलेक्टर अजीत वसंत ने अभियान को सराहा और कहा कि देश के बहादुर सैनिकों के लिए छात्रों द्वारा तैयार की गईं राखियां उनका हौसला अफ़जाई करेंगी। कलेक्टर से मुलाकात के दौरान जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक़ शेख, सहायक राज्य आयुक्त (गाइड) पुष्पा शांडिल्य, जिला सयुंक्त सचिव रेखारानी लाल, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) गनेशी सोनकर, डीओसी द्वय डीग़म्बर सिंह कौशिक, उत्तरा मानिकपुरी, रोवर लीडर राजीव साहू, फ्लॉक लीडर आसमा कुरैशी उपस्थित थीं। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा एकत्र की गईं राखियां राज्य मुख्य आयुक्त को सौंपी जाएगी।

## निधन

### विनोद सिन्हा



**कोरबा।** कायस्थ समाज कोरबा के पूर्व अध्यक्ष व एसईसीएल से सेवानिवृत्त कर्मी, पत्रकार व छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंप हाउस निवासी विनोद सिन्हा 67 वर्ष का बुधवार को हृदयघात से शहर के निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 31 जुलाई को स्थानीय मुक्तिधाम में होगा। वे अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्री, नाती पोतों से भरा पूरा परिवार शोकसंतप्त छोड़ गए हैं।

### श्रीमती जमुनादेवी



**कोरबा।** दादरखुर्द स्थित जगन्नाथ मंदिर के पूजारी पंडित रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती जमुनादेवी का निधन रायपुर स्थित श्रीनारायाणा अस्पताल में हो गया। वे लंगे समय से अस्वस्थ्य चल रही थीं। जमुनादेवी अतिरिक्त शासक अभिभाषक कृष्णकुमार द्विवेदी एवं रामगोविंद, कूंजबिहारी की माता थीं। गुरूवार की सुबह उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान दादरखुर्द जगन्नाथ मंदिर से प्रातः 11 बजे पोड़ीबहार मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

### लालीराम केंवट



**उमरेली।** ग्राम उमरेली निवासी लालीराम केंवट (54 वर्ष) का निधन हो गया। वे अपने पत्नी, बेटा-बहू, बेटी, नाती सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम उमरेली में किया गया। इस दौरान परिजन सहित केंवट समाज व ग्रामवासी गणमान्य उपस्थित रहे।

### उद्योग मंत्री ने की जिला चेंबर आफ़ कॉमर्स के भवन विस्तार के लिए 25 लाख की घोषणा

# शहर के विकास में चेंबर ऑफ कामर्स का अहम योगदान : लखनलाल



शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं नव नियुक्त पदाधिकारी।



कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

संगठन को मजबूत करने के लिए हम एक मुखिया चुनते हैं जो संगठन को आगे ले के जाता है। शहर के विकास में चेंबर्स ऑफ कॉमर्स का हमेशा से योगदान रहा है। हम सब मिलकर विकसित कोरबा का निर्माण करेंगे। कोरबा को आगे लेकर चलें और विकास करें। स्वच्छता में हम सब व्यापारी मिलकर कोरबा का पहला स्थान लेकर आयें। विष्णुदेव सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में नयी उद्योग नीति लागू की गई है जिसमें बहुत से नियमों का सरलीकरण किया गया है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कही। शपथ ग्रहण समारोह में उद्योग मंत्री श्री देवांगन मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, मोहनलाल जैन, मुरलीधर माखीजा एवं रामसिंह अग्रवाल, भाजपा के जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी उपस्थित रहे। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन ने चैम्बर ऑफ कॉमर्स के भवन में प्रथम तल के निर्माण हेतु 25 लाख रूपये की घोषणा की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन का प्रमाण पत्र दिया गया। शपथ अधिकारी सीए आशीष खेतान के द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष योगेश जैन, महामंत्री नरेन्द्र अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश रामानी को व्यापारियों के हित में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी। इसके साथ ही शपथ अधिकारी के द्वारा वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरपी तिवारी, राजेन्द्र अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, प्रकाश जैन एवं दिव्यानंद अग्रवाल, संयुक्त महामंत्री राकेश नागरमल अग्रवाल, सह-कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, सत्येन्द्र पूरी, करन सोनी एवं राहुल मोदी, सीए आशीष खेतान, अखिलेश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, नरेश अरोरा एवं त्रिलोकीनाथ बजाज सहित एडवोकेट कैलाश अग्रवाल, निर्माण समिति दीपक सोनी, आनंद रैकवार, इंजी. राज अग्रवाल, इंजी. अरविंद साहू एवं गौतम कोटड़ियि, विधिक सलाहकार एडवोकेट सुनील मिश्रा एवं एडवोकेट राजकुमार मोदी, कार्यक्रम प्रभारी दिनेश सोनी, मीडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल, प्रवक्ता मुकेश गोयल को शपथ दिलाई गई। साथ ही उपाध्यक्ष, मंत्री एवं कार्यकारिणी सदस्यों को भी शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दर्री, छुरी, कटघोरा, सुतर्रा, बांकीमोगरा, गेवरा, सुराकछार, कुसमुंडा, दीपका, हरदीबाजार, भिलाई बाजार, उरगा, रजगामार रजगामार, बाल्को, निहारिका, कोरबा के व्यापारी बंधु उपस्थित थे।

#### हर समस्या के हल के लिए सदैव तत्पर : योगेश

इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष योगेश जैन ने कहा कि वर्ष 2022 में हमें मनोनीत किया गया था। वर्तमान में चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात हम निर्वाचित हैं, आप सब को इसमें फर्क दिख रहा होगा। मैं अपनी टीम के साथ व्यापारियों की हर समस्या के हल के लिए तत्पर रहूंगा। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल ने कहा कि आज खुशी की बात है कि निर्वाचित सदस्य व कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण हो रहा है। पूर्व में जो वृक्ष लगाया गया था वह वटवृक्ष का रूप ले चुका है। व्यापारियों की समस्या का निराकरण करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि हर संस्था अपना एक मुखिया चुनती है, जो उस संस्था के सदस्यों के न्याय के लिए लड़ता है। व्यापारियों को चेम्बर में सुविधा मिलेगी। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि शपथ लेने वाले समस्त कार्यकारिणी को मैं बधाई देती हूं। चेम्बर भवन में अतिरिक्त निर्माण के लिए धनराशि में जो भी सहयोग लगेगा, वह महापौर निधि से किया जाएगा।



## हिन्द खदान मजदूर फेडरेशन के अध्यक्ष का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ढोल नगाड़ों की गूंज, पुष्पों की वर्षा, जोरदार आतिशबाजी, आपस मे मिठाईया बांटकर खुशियों का इजहार, यह सब उस पल कि साक्षी बनी, जब हिंद खदान मजदूर फेडरेशन के नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष रेशम लाल यादव अपने गृहक्षेत्र गेवरा पहुंचे थे। उनके सम्मान में सैंकड़ों की संख्या में एचएमएस पदाधिकारी सदस्य एवं कोयला श्रमिकों का सैलाब उमड़ पड़ा।

#### खास बात

- गेवरा में सैंकड़ों की संख्या में कोयला कामगारों ने निकाली सम्मान यात्रा

हिन्द खदान मजदूर फेडरेशन के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष रेशमलाल यादव का उनके गृह क्षेत्र गेवरा में मंगलवार की शाम एचएमएस परिवार एवं कोयला श्रमवीरों द्वारा ऐतिहासिक स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के सम्मान में श्रमवीरों ने एक सम्मान शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो की संख्या में एचएमएस परिवार एवं कोयला कामगारों ने शिरकत किया। सम्मान यात्रा के पूर्व श्री यादव ने राधा-कृष्ण मंदिर में पहुंचकर ईश्वर का आशीर्वाद लिया, गेवरा स्टेडियम चौक पर सैकड़ों की संख्या में मौजूद कोयला कामगारों ने उनका पुष्पहार, पुष्पवर्षा एवं गुलदस्ता भेंटकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। जिसके बाद श्री यादव के सम्मान में विशाल रैली निकली गई, जो गेवरा कॉलोनी के आजाद चौक, बुधवारी बाजार सहित कालोनी के विभिन्न मुख्य मार्गो से होकर यात्रा एचएमएस कार्यालय पहुंची। इस दौरान रेशमलाल यादव ने स्वागत एवं स्नेह के लिए समस्त पदाधिकारियों, कोयला श्रमिकों एवं एचएमएस परिवार जनों का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह से यह ट्रेड यूनियन एक विशाल वट वृक्ष है, जिसकी हम शाखाएं हैं, हम सभी का प्रयास रहना चाहिए कि इस विशाल वट वृक्ष की गरिमा मर्यादा एवं अस्मिता हमेशा अमर व कायम रहे। हमें आगे भी इस बात की चिंता होनी चाहिए कि यह ट्रेड हमेशा बुलंदियों में रहकर कोयला मजदूर हितों के लिए अपना परचम लहराता रहे।

## गुजराती महिला मंडल ने मनाया सावन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्री गुजराती महिला मंडल ने सावन उत्सव को बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया। इस रंगारंग कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक उल्लास के साथ भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों का आनंद लिया। उत्सव का आरंभ श्री गुजराती महिला मंडल की अध्यक्ष बिंदु मकवाना के स्वागत अभिभाषण से हुआ। इसके बाद, सह-सचिव भाविका राठौर ने गणेश वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसने कार्यक्रम में एक पवित्र माहौल स्थापित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी देखने को मिलीं, जिसमें वंदना शाह का एकल नृत्य विशेष रूप से सराहा गया। सावन उत्सव के अवसर पर कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिसमें झूले आकर्षण का केंद्र रहे। महिलाओं ने झूलों का आनंद लेते हुए सावन के पारंपरिक महत्व को जीवंत किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ, प्रतिभागियों के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसने उत्सव में चार चांद लगा दिए। सावन



कार्यक्रम में शामिल गुजराती समाज की महिलाएं।

उत्सव का मुख्य आकर्षण 'सावन क्वीन' प्रतियोगिता रही, जिसमें निधि दक्षिणी को 'सावन क्वीन' चुना गया। यह घोषणा कार्यक्रम की एक प्रमुख विशेषता थी और सभी उपस्थित लोगों ने उनका उत्साहवर्धन किया। दिन के अंत में, सभी प्रतिभागियों को उनके योगदान और सहभागिता के लिए पुरस्कार वितरित किए गए, जिससे उनके उत्साह में और वृद्धि हुई। इस सफल आयोजन को संभव बनाने में उपाध्यक्ष निशा रावल, सचिव सोनल शाह, सोनिया भट्ट, प्रीति दक्षिणी, मीनल दक्षिणी, संगीता राठौर, सपना मकवाना, दीपिका टांक, हिना संघवी, शोभा पारेख, फाल्गुनी पारेख, दीप्ति शर्मा, दीपाली शर्मा, सीमा चौहान, संगीता चौहान, हंसा वाघेला, और भविता वाघेला सहित महिला मंडल की कई सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में, अध्यक्ष बिंदु मकवाना ने सभी उपस्थित लोगों और योगदानकर्ताओं का आभार व्यक्त किया, जिससे यह सावन उत्सव एक यादगार और सफल कार्यक्रम बन गया।

## बरपाली कॉलेज में आयोजित किया गया इंडक्शन प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय महाविद्यालय बरपाली में प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशी छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सीपी नन्द ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, संस्कार, विनम्रता व सर्वांगीण विकास के महत्व पर बल दिया। उन्होंने छात्रों से शिक्षा के प्रति निष्ठावान रहने का आह्वान किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के प्रभारी डॉ.एके सिंह ने छात्रों को नई शिक्षा नीति की विशेषताओं व उद्देश्यों की जानकारी दी। साथ ही प्रथम सेमेस्टर के अंतर्गत संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की रूपरेखा से भी छात्रों को अवगत कराया। कार्यक्रम को डॉ.टीएल मिर्जा व एसके टांब्रे ने भी संबोधित किया, जिन्होंने विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन वातावरण में सामंजस्य स्थापित करने व



कार्यक्रम में शामिल अतिथि।

अकादमिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। संचालन का दायित्व डीडी महंत ने निभाया व आभार प्रदर्शन अरविन्द खाखा द्वारा किया गया। इंडक्शन प्रोग्राम नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन व प्रेरणा का स्रोत सिद्ध होगा।

## सूर्यवंशी महिला समिति ने मनाया सावन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सूर्यवंशी महिला समिति बालको के द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों के साथ सावन उत्सव मनाया। मंचस्थ अतिथि संरक्षक रामकली कारे, वरिष्ठ सदस्य पुनिता किरण, पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद गीता किरण, अध्यक्ष कमला रत्नाकर को पुष्पगुच्छ से स्वागत और सम्मानित किया गया। गीत-कविता गायन में कमला भरथरी गीत



प्रथम, भुनेश्वरी लाठिया द्वितीय, गीता किरण तृतीय इनाम जीते। बच्चों के गीत में मुस्कान किरण ने मधुर गीत गाए। नृत्य में राधिका सूर्यवंशी प्रथम, मुस्कान किरण, आन्या किरण द्वितीय, रोशनी सूर्यवंशी तृतीय रही। महिलाओं के नृत्य में विनिता, गीता ग्रुप प्रथम, संगीता सूर्यवंशी द्वितीय, सूरजा प्रधान तृतीय रहीं। कुर्सी दौड़ में बच्चों ने मुस्कान किरण प्रथम, सोनाक्षी प्रधान द्वितीय, संस्कृति प्रधान को तृतीय इनाम मिला। महिला वर्ग के खेल में रामकली को प्रथम, जानकी खरसन द्वितीय, पुष्पा खरसन तृतीय रहीं। सावन सुन्दरी प्रतियोगिता में मालती सूर्यवंशी प्रथम, शशिकला सूर्यावंशी द्वितीय एवं गौरी प्रधान तृतीय चुनी गई। नन्हें नन्हें बच्चों के रैम्प वाक ने सबके दिल को जीत लिया।

## कोरबा मार्केट







## आचार्य चरक के बताए मार्ग पर चलकर रहा जा सकता है निरोगी: डॉ. शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्रावण शुक्ल पंचमी आचार्य चरक जयंती के अवसर पर आयुष मेडिकल एसोसिएशन, नीमा एवं लायंस क्लब एवरेस्ट के संयुक्त तत्वाधान में महर्षि चरक के विचारों तथा लोक कल्याण की भावना से जन स्वास्थ्य के कल्याण के लिए बेल, आंवला, गिलोय, नीम, तुलसी, एलोवेरा आदि आयुर्वेदिक औषधीय पौधों का वितरण पतंजलि चिकित्सालय, श्री शिव औषधालय महानदी काम्प्लेक्स निहारिका रोड कोरबा में किया गया। चरक जयंती के अवसर पर डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने कहा कि आयुर्वेद के ग्रंथ भावप्रकाश के अनुसार श्रावण शुक्ल पंचमी अर्थात नागपंचमी को ही आचार्य चरक का जन्मदिवस बताया है। उसके अनुसार ही हम प्रतिवर्ष नागपंचमी के दिन आयुर्वेद के प्रणेता आचार्य चरक की जयंती मनाते आ रहे हैं। डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने आचार्य चरक के बताए मार्ग के बारे में बताते हुए कहा कि आचार्य चरक के बताये मार्ग में चलकर ही व्यक्ति निरोगी रह सकता है। कार्यक्रम में मुख्य डॉ.संजय वैष्णव, डॉ.सुरेंद्र मिश्रा, डॉ.राजेश राठौर, श्री शिव औषधालय की संचालिका श्रीमती प्रतिभा शर्मा, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के अध्यक्ष लायन शिव जायसवाल, कोषाध्यक्ष लायन गजेंद्र राठौड, संरक्षक सुधीर सक्सेना, नेत्रनन्दन साहू, अश्वनी बुनकर, अरुण मानिकपुरी, धीरज तंबोली, कुश गुप्ता, कर योगदान रहा।






## खबर संक्षेप



### रामपुर विधायक के नेतृत्व में आयोजित हुई बैठक

**कोरबा।** ग्राम पंचायत पिडिया में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश में संगठनात्मक मजबूती के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी करतला के मंडल, सेक्टर कमेटी के गठन के लिए आयोजित बैठक में रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया शमिल हुए। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज चौहान, करतला ब्लॉक प्रभारी लाल अशोक सिंह, ब्लॉक कोरबा ग्रामीण के प्रभारी रामनारायण कश्यप, करतला ब्लॉक के कार्यकारी अध्यक्ष श्रवण राठिया, शैलेन्द्र राय, अशोक सिंह, शिवम राय, त्रिवेणी राठिया, दीनानाथ राठिया, आरिफ खान, मुकेश राठिया, इब्राहिम फारुकी, असरफ खान, सहेत्तर वर्मा, करम सिंह राठिया, देवेंद्र राठिया, अमन अग्रवाल, श्री राठिया एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विकलांग तेरस ने नौकरी के लिए कलेक्टर से लगाई गुहार



**कोरबा।** ग्राम गोढी की विकलांग युवती तेरस बाई यादव ने कलेक्टर को एक आवेदन पत्र सौंपकर नौकरी की गुहार लगाई है। तेरस बाई ने बताया कि वह जन्म से ही अपने बांया पैर से 40 प्रतिशत विकलांग और गरीब परिवार से हैं। उन्होंने बीए फाइनल और एमए अंग्रेजी की पढ़ाई की है, लेकिन आर्थिक स्थिति के कारण आगे की पढ़ाई करने में परेशानी हो रही है। तेरस बाई ने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि उन्हें शिक्षा विभाग या किसी अन्य विभाग में विकलांग कोटा में नौकरी देने की कृपा करें। उन्होंने कहा कि नौकरी मिलने से वह अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने में मदद कर पाएंगी। तेरस बाई ने बताया कि वह अपने परिवार की पहली महिला हैं जिन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि वह अपने परिवार और समाज के लिए एक उदाहरण बनना चाहती हैं। कलेक्टर कोरबा ने तेरस बाई के आवेदन पर संज्ञान लेते हुए आश्वासन दिया है कि उनके मामले को गंभीरता से देखा जाएगा और जल्द ही नौकरी के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

### अवंतिका बनी युवक कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव



**कोरबा।** दीपका निवासी अवंतिका तिवारी को युवक कांग्रेस का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बुधवार को नव नियुक्त सचिवों की लिस्ट जारी की है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में अध्ययन के दौरान ही अवंतिका की छात्र हित में सक्रियता के साथ कुशल नेतृत्व की क्षमता नजर आ गई थी। उनकी स्कूल शिक्षा कोरबा में ही हुई है। वह एसईसीएल कर्मचारी व श्रमिक नेता सृष्टिधर तिवारी की सुपुत्री तथा पत्रकार सुशील तिवारी की भतीजी हैं।

### सड़क हादसे में महिला की मौत

**कोरबा।** सड़क किनारे अचानक फिसलकर गिरने से एक महिला तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना बुधवार को बांधाखार के पास हुई। जहां एसबीआई के कियोस्क बैंक में रकम निकालने के लिए सिलयारी गांव निवासी 43 वर्षीय कलाबाई पहुंची थी। जहां से रकम निकालने के बाद वह कियोस्क बैंक से बाहर निकलकर खड़ी थी कि अचानक फिसलकर सामने सड़क पर जा गिरी। इस दौरान वहां से गुजर रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चक्के के नीचे आ जाने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पाली थाना प्रभारी उप निरीक्षक जितेंद्र यादव व दलबल पहुंचे। मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए पाली भेज दिया है। दुर्घटना के बाद आरोपी ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर भाग गया है।

## कलेक्टर ने डीएमएफ द्वारा प्रस्तावित कार्यों का किया स्थल निरीक्षण

# गुणवत्ता के साथ प्रगतिरत विकास कार्यों को समयसीमा पर करें पूर्ण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



निरीक्षण करते कलेक्टर व अन्य।

कलेक्टर अजीत वसंत ने जिला खनिज न्यास मद के अंतर्गत नगर निगम द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों व प्रस्तावित कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री वसंत ने सीएसईबी चौक के समीप स्थित निगम के भण्डारगृह से अशोक वाटिका होकर स्टेडियम की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग में निर्मित डिवाईडर व अन्य कार्यों का स्थल निरीक्षण किया।

उक्त मार्ग पर आवागमन को व्यवस्थित किए जाने के मद्देनजर जिला खनिज न्यास मद से 1 करोड़ 12 लाख रूपये की लागत से 1140 मीटर ग्रीलयुक्त डिवाईडर का निर्माण किया जा रहा है, साथ ही उक्त मार्ग में 60 नग स्ट्रीट लाईटों की स्थापना भी की जाएगी। कलेक्टर श्री वसंत ने उक्त प्रगतिरत कार्य का सघन रूप से निरीक्षण किया तथा समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय एवं सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरूभेले उपस्थित रहे। इसी तरह जिला खनिज न्यास मद के अंतर्गत ही मुड़ापार बाजार का सम्पूर्ण रेनोवेशन का कार्य भी निगम द्वारा किया जा रहा है, जिसके तहत 55 नग शेड स्थापित किए गए हैं एवं चबूतरों, पसरों का जीर्णोद्धार व नवीनीकरण किया जा रहा है। इसी प्रकार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु जिला खनिज न्यास मद से बरबसपुर में 3 करोड़ 60 लाख रूपये की लागत से ट्रामिल मशीन की स्थापना की जा रही है, जिसके माध्यम से शहर में प्रतिदिन उत्सर्जित होने वाले ठोस अपशिष्ट का समुचित प्रबंधन सुनिश्चित कराया जाएगा। कलेक्टर श्री वसंत ने बरबसपुर पहुंचकर ट्रामिल मशीन स्थापना के प्रगतिरत विभिन्न कार्यों का मौके पर निरीक्षण किया। गोकुलनगर गोठान का भी निरीक्षण किया तथा गोठान में अतिरिक्त शेड, कक्ष व बाउण्ड्रीवाल निर्माण के संबंध में आवश्यक प्रस्ताव तैयार किए जाने के निर्देश दिए।

### मल्टीलेवल पार्किंग का निरीक्षण

सुनालिया चौक से दर्री रोड की ओर जाने वाले बाईपास मार्ग पर 256 चार पहिया वाहनों की क्षमता वाले जी प्लस थ्री मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने उक्त प्रगतिरत विकास कार्य का निरीक्षण किया, कार्य की प्रगति को देखा तथा सितम्बर माह के अंत तक कार्य को अंतिम रूप से दिए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान केएन कालेज के रेनोवेशन कार्य हेतु निगम द्वारा लगभग 40 लाख रूपये की लागत का प्रस्ताव जिला खनिज न्यास मद से स्वीकृत हेतु प्रस्तावित किया गया है उसका भी निरीक्षण किया गया।

## यातायात पुलिस की टीम ने मवेशियों को पहनाया रेडियमयुक्त पट्टी



रेडियमपट्टी बांधते पुलिस कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बारिश के दिनों में अक्सर मवेशी घरों के गौठानों से बाहर निकाल कर सड़कों पर आ जाते हैं, जिसकी वजह से अक्सर हादसे होते हैं। इन हादसों को रोकने के लिए यातायात पुलिस सड़कों पर उतरकर मवेशियों के गर्दन पर रेडियमयुक्त पट्टी लगाने का काम शुरू कर चुकी है। बारिश शुरू होते ही मवेशी सड़कों पर नजर आ रहे हैं और शहर के आउटर में किसी भी सड़क पर बड़े पैमाने पर जमा हो जाते हैं। रात के अंधेरे में नजर नहीं आते हैं और हादसे की वजह बनते हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात पुलिस मवेशियों के गले पर रेडियमयुक्त पट्टी लगाने का काम कर रही है। एएसआई मनोज राठौर, आरक्षक रामनारायण रात्रे सहित अलग-अलग टीम जिले के अलग-अलग मार्गों में पहुंचकर सड़कों पर विचारण करने वाले मवेशियों के गर्दन पर रेडियम पट्टी लगाया जा रहा है। ताकि रात के अंधेरे में मवेशी वाहन चालक को दिखाई दे सकें और हादसों पर विराम लगाया जा सके।

## नए तहसील भवन की दीवारों में आई दरारें, निर्माण एजेंसी की लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरपाली




नया तहसील भवन जिसमें आई है दरारें।

ग्राम पंचायत बरपाली में स्थित नवीन तहसील भवन के निर्माण में भारी अनियमितता देखने को मिल रही है। निर्माण एजेंसी द्वारा घटिया निर्माण किया गया है जो अब दिखने लगा है। दीवारों पर पड़ी दरारें निर्माण एजेंसी व ठेकेदार की लापरवाही को उजागर कर रही है। तहसील कार्यालय को संचालित होते अभी एक माह भी नहीं हुआ कि घटिया निर्माण की पोल खुलने लगी। भवन के दीवारों में जगह जगह दरारें पड़ गयी हैं। कई जगह छोटी छोटी दरारों को बाहर से पुट्टी लगाकर छुपाने की कोशिश हुई है, किंतु बड़े बड़े दरार घटिया स्तर के निर्माण को उजागर कर रहे हैं।

इंजीनियर से जानकारी मांगने पर केवल मौखिक रूप से बताया गया कि भवन के लिए प्रशासकीय स्वीकृति 71.12 लाख रुपये की हुई, जिसे अधोसंरचना विकास मद के अंतर्गत जारी किया गया तथा हाउसिंग बोर्ड डेवेलपमेंट कारपोरेशन द्वारा बनवाया गया। इसके अलावा तहसील भवन जहां बनाया गया है वहां चारों तरफ निजी भूमि है एवं तहसील कार्यालय तक पंहुचने के लिए पंहुच मार्ग नहीं है। वर्तमान में रेल्वे लाइन के किनारे से होते हुए एक सड़क कुछ दूरी तक बनी हुई है जो तीसरी,चौथी लाइन के निर्माण के लिए अधिग्रहण कर ली गयी है। कार्यालय जाने के लिए निजी भूमि का उपयोग किया जा रहा है। भविष्य में निजी भूमि के मालिकों द्वारा अपनी भूमि पर निर्माण कार्य किये जाने पर तहसील कार्यालय जाने के लिए कोई रास्ता नहीं बचेगा।

## चचिया व छिरमहुआ में हाथियों ने दो दर्जन किसानों की रौंदी फसल, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- कोरबा वन मंडल के पसरखेत व कुदमुरा रेंज में लगातार उत्पात मचा रहा हाथी



हाथियों द्वारा रौंदी गई धान की फसल व झोपड़ी।

जिले के कोरबा वनमंडल अंतर्गत पसरखेत व कुदमुरा रेंज में मौजूद हाथियों ने खेतों में पहुंचकर जमकर उत्पात मचाना शुरू कर दिया है, जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। उन्होंने जिला प्रशासन व वन विभाग से फसल सुरक्षा की गुहार लगाई है। मंगलवार की रात कोरबा डिविजन के दोनों ही रेंज में हाथियों ने खेतों में पहुंचकर भारी उत्पात मचाया और 27 ग्रामीणों के धान व मूंगफली की फसल को रौंदकर पूरी तरह बर्बाद कर दिया।

जानकारी के अनुसार पसरखेत रेंज में 11 की संख्या में हाथी पिछले कुछ दिनों से सक्रिय हैं, जबकि कुदमुरा रेंज में 26 हाथी विचरण कर रहे हैं। पसरखेत रेंज में सक्रिय हाथियों के झुंड ने मंगलवार की रात मदनपुर परिसर के ग्राम छिरमहुआ में उत्पात मचाते हुए पांच ग्रामीणों के खेत व बाड़ी में लगे धान व मूंगफली फसल को तहस-नहस कर दिया। ग्रामीणों को इसका पता सुबह चला जब वे अपनी फसल को देखने खेतों पहुंचे। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी। जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी बुधवार की सुबह मौके पर पहुंचे और हाथियों द्वारा रात में किए गए नुकसानी का आंकलन करने के साथ रिपोर्ट तैयार की। दूसरी ओर कुदमुरा रेंज के चचिया परिसर में घूम रहे हाथियों ने भी भारी उत्पात मचाया है। हाथियों का यह झुंड खेतों में पहुंचा और वहां धान की फसल को पूरी तरह रौंदकर तहस-नहस कर दिया। हाथियों का यह उत्पात रात भर चला, इस दौरान हाथियों ने 22 ग्रामीणों के खेतों में लगे फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है।

## एकपक्षीय कार्रवाई पर भाजपा का विरोध



विरोध करते भाजपाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर पालिका परिषद की ओर से छोटे सब्जी व्यापारियों एवं गुमटी लगाने वाले दुकानदारों पर की जा रही एकपक्षीय कार्यवाही को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा पार्षद पवन अग्रवाल ने नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मुलाकात कर इस कार्यवाही पर आपत्ति जताई और इसे पक्षपाती करार दिया है।

पार्षद अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका परिषद का यह रवैया पूरी तरह से गलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ दुकानदारों की दुकानों के सामने बेरिकेट्स लगाकर उन्हें परेशान किया जा रहा है, जबकि कुछ अन्य दुकानदारों को बेदखल किया जा रहा है। यह कार्रवाई न केवल छोटे व्यापारियों के साथ अन्याय है बल्कि उनके रोज़गार पर भी सीधा प्रहार है। भाजपा पार्षद ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि नगर पालिका परिषद ने इस तरह की एकपक्षीय और भेदभावपूर्ण कार्यवाही पर रोक नहीं लगाई तो भारतीय जनता पार्टी मजबूर होकर उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाएगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद का दायित्व है कि वह सभी नागरिकों के साथ निष्पक्ष व्यवहार करे और छोटे व्यापारियों के हितों की रक्षा करें। इस अवसर पर पार्षद अजय गर्ग पूर्व पार्षद मुरली साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा मीना शर्मा, पूर्व मण्डल महामन्त्री राजेन्द्र टण्डन सहित कार्यकर्ता व सब्जी व्यवसाई उपस्थित रहे।

**दुर्घटना पर रोक लगाने की गई कार्यवाही**

होटल के समीप वाहन के पार्किंग होने से बस स्टैंड से बसों को निकलने में काफी असुविधा होती थी प्रतिदिन दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती थी जिसको देखते हुए वहां पर विधिवत कार्यवाही की गई।

**-ज्ञानपुंज कुलमित्र,** मुख्य नगर पालिका अधिकारी

## भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद कार्यपालन अभियंता पर गिरी तबादले की गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत वितरण विभाग कटघोरा के कार्यपालन अभियंता के खिलाफ हुए भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद वरिष्ठ अफसर में संज्ञान लेते हुए कार्यपालन अभियंता का स्थानांतरण भानुप्रतापपुर कर दिया है।

उल्लेखनीय की कटघोरा में लगातार विद्युत व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी। गर्मी और बारिश में लगातार स्थानीय लोगों को बदहाल विद्युत व्यवस्था का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों ने लगातार इसे लेकर कटघोरा के कार्यपालन अभियंता सुरेश ठाकुर से गुहार भी लगाई थी, लेकिन इसके बाद भी विद्युत व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ था। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने जमकर प्रदर्शन भी किया था। साथ ही कटघोरा के कार्यपालन अभियंता सुरेश कुमार ठाकुर द्वारा लगातार कार्य में लापरवाही बढ़ती जा रही थी। कटघोरा के स्थानीय ठेकेदार ने आरोप लगाया है कि निविदा अभी हुआ ही नहीं और सुरेश ठाकुर द्वारा अपने चहेते ठेकेदार से कार्य कराकर उनको कार्य देने के एवज में भारी रकम की उगाही की गई है। ऐसा ही अधिकारी द्वारा कार्य किया गया है। ठेकेदार ने आरोप लगाया है कि पैसा लेकर मनचाहे ठेकेदार को बिना निविदा के कार्य कराकर निविदा दिया जा रहा था। अब मामला सामने आने के बाद स्थानीय ठेकेदारों ने विद्युत वितरण विभाग के कार्यपालन अभियंता सुरेश कुमार ठाकुर के खिलाफ भ्रष्टाचार किए जाने की लिखित शिकायत विद्युत वितरण विभाग के वरिष्ठ अफसरों से की थी। अफसरों ने शिकायत पर फौरी तौर पर संज्ञान लेते हुए कटघोरा के कार्यपालन अभियंता सुरेश कुमार ठाकुर का स्थानांतरण कटघोरा से भानुप्रतापपुर किया गया है। जबकि उसके स्थान पर संत प्रीतम जैकब को कार्यपालन अभियंता बनाया गया है।

## सूने मकान में चोरों का धावा, हजारों का माल पार

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत नेहरु निवासी रेखा साहू ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी कि 29 जुलाई की दोपहर 1.30 बजे घर में ताला बंदकर ड्यूटी चली गई थी। वापस 30 जुलाई की सुबह 6.15 बजे ड्यूटी से घर आयी तो देखी कि घर के अंदर का सामान बिखरा हुआ था टेबल में रखे एलईडी टीव्ही नहीं था और दीवान बेड के अंदर में रखे नगदी 5 हजार रूपये, एक नग चांदी का सिक्का, एक नग आयरन एवं बैग में रखे कपडा साडी, पेंट शर्ट, जूता, एटीएम कार्ड सहित हजारों का सामान को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर पतासाजी में जुट गई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## आयुक्त ने सहायक कलेक्टर के साथ शहर का किया दौरा

# आयुक्त ने साफ-सफाई सहित विभिन्न विकास कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




सफाई व्यवस्था का जायजा लेते आयुक्त।

निगम आयुक्त ने स्कूटर पर सवार होकर सहायक कलेक्टर एवं निगम के अधिकारियों की टीम के साथ शहर का दौरा कर साफ-सफाई कार्यो सहित विभिन्न प्रगतिरत विकास कार्यों का निरीक्षण किया। नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुडे कार्यों का जायजा लिया, विकास कार्यों की गुणवत्ता को देखा तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने सफाई कार्य में संलग्न स्वच्छता दीदियों व सफाई कामगारों से उनके कार्यो के संबंध में चर्चा की।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरूभेले के साथ स्कूटर पर सवार होकर मुड़ापार बाजार पहुंचे। उन्होने वहॉं पर स्थित सुलभ काम्पलेक्स का निरीक्षण किया, वहॉं की साफ-सफाई व व्यवस्थाओं को देखा, साथ ही मुड़ापार बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों में किए जा रहे साफ-सफाई कार्यों का जायजा लिया, मुड़ापार बाजार के रेनोवेशन से जुड़े प्रगतिरत कार्यों का भी निरीक्षण किया। सफाई कार्यों के निरीक्षण के दौरान कार्य में संलग्न सफाई कामगारों द्वारा निर्धारित ड्रेस न पहनने को गंभीरता लेते हुए संबंधित सफाई कार्य एजेंसी पर अर्थदण्ड आरोपित करने एवं सफाई कामगारों को कार्य के दौरान निर्धारित ड्रेस व सुरक्षा उपकरणों से लेस के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने पीएम आवास योजनांतर्गत बीएल.सी.घटक के तहत निर्मित कराए गए आवासगृह का निरीक्षण किया तथा संबंधित हितग्राही से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मिनीमाता कालेज के पीछे स्थित एसएलआरएम सेंटर का भी औचक निरीक्षण किया। सेंटर में कार्यरत स्वच्छता दीदियों व सेंटर सुपरवाईजर से सेंटर की गतिविधियों पर चर्चा की। इसके अलावा बुधवारी स्थित विश्व आदिवासी शक्तिपीठ में विभिन्न निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, जिसके अंतर्गत बाउण्ड्रीवाल का निर्माण किया गया है, वहीं परिसर में पेवर ब्लाक लगाए जाने, नाली का निर्माण तथा लाईट व्यवस्था सहित अन्य कार्य प्रगति पर हैं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने इन कार्यों का निरीक्षण किया, कार्यों की गुणवत्ता को देखा तथा पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य करते हुए समयसीमा में कार्य को पूरा किए जाने के निर्देश दिए।

online Booking:-www.tripuryatra.com


चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्य शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025, 4 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411